J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 08.05.2020

THE PIONEER

जेसी बोस अन्य विश्वविद्यालय को भी देगा ई–संसाधनों

उद्घाटन समारोह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव अंकुर गुप्ता ने आज जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वाईएमसीए, फरीदाबाद में ई-लर्निंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकारिक रूप से शुभारंभ किया और ई-लर्निंग रिसोर्सिज संसाधनों की उपयोगिता पर आधारित कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय को अपने ई–संसधानों का लाभ राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उद्घाटन समारोह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। विश्वविद्यालय ने हाल ही में अपने विद्यार्थियों के लिए दो प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म स्थापित किए हैं जिनमें रिफ्रेड द्वारा विकसित ई-लाइब्रेरी पोर्टल तथा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (डीएलएमएस) शामिल हैं। डीएलएमएस को विश्वविद्यालय की आईटी टीम द्वारा कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. कोमल भाटिया तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग के विभागाध्यक्ष अतुल मिश्रा की देखरेख में विकसित किया गया है।

कोविड-19 महामारी के मद्देनजर ऑनलाइन टीचिंग-लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि ई-लर्निंग उच्च शिक्षा का भविष्य होगा और कोरोना संकट में, ई-संसाधनों के उपयोग में निरंतर वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वविद्यालय के संकाय द्वारा तैयार किये गये डिजिटल लेक्चर्स का ई-लाइब्रेरी पर ओपन एक्सेस देने का सुझाव दिया ताकि राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में विद्यार्थी भी इन संसाधनों का लाभ उठा सकें।

इससे पहले, प्रो. दिनेश कुमार ने प्रधान सचिव श्री अंकुर गुप्ता का स्वागत किया और उन्हें डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इन-हाउस डीएलएमएस को विश्वविद्यालय के डिजिटल इंडिया सेल की टीम द्वारा विकसित किया गया है। कुलपति ने प्रधान सचिव को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय अपने डिजिटल माध्यमों से राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों को भी ई-संसधानों की सुविधा प्रदान करेगा।

डिजिटल इंडिया सेल की नोडल अधिकारी डॉ. नीलम दूहन ने डीएलएमएस पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी और अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म को अध्ययन सामग्री अपलोड करने, लाइव चैट, डिस्कशन फोरम इत्यादि जैसी सुविधाओं के साथ सक्षम बनाया गया है। इस प्लेटफार्म को विद्यार्थी कहीं से भी

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 08.05.2020

DAINIK JAGRAN

डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

जासं, फरीदाबाद : हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव अंकुर गुप्ता ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी में ई-लर्निंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। उन्होंने विवि को अपने ई-संसधानों का लाभ राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उद्घाटन समारोह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। विवि ने हाल ही में अपने विद्यार्थियों के लिए दो प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म स्थापित किए हैं। डीएलएमएस को विवि की आइटी टीम द्वारा कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ.कोमल भाटिया तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग के विभागाध्यक्ष अतुल मिश्रा की देखरेख में विकसित किया गया है। प्रो.दिनेश कुमार ने प्रधान सचिव अंकुर गुप्ता को डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विवि द्वारा की गई पहल से अवगत कराया। नोडल अधिकारी डॉ.नीलम दूहन ने संक्षिप्त प्रस्तुति दी। आइआइटी मुंबई से डॉ.समीर सहस्रबुद्धे ने भारत में डिजिटल शिक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। एक अन्य व्याख्यान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के डीन डॉ. आरसी गौड़ ने खोज, अनुसंधान और प्रकाशन की नैतिकता पर प्रकाश डाला।